आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 30.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- राज्य मंत्रिमंडल ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 लाने सहित कर्मचारी कल्याण, सौर ऊर्जा और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले किये।
- ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने कहा–पिछली सरकार के समय जयपुर डिस्कॉम के टेंडरों में हुए भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच करायी जाएगी।
- अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कल राज्य में निर्वाचन विभाग की ओर से शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।
- प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी।

000000

राज्य मंत्रिमंडल ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना–2024 लाने के साथ–साथ कर्मचारी कल्याण, पत्रकार कल्याण, सौर ऊर्जा और प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले किये हैं। ये फैसले कल शाम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में किये गये। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में निवेश को बढाने के लिए कैबिनेट ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, **रिप्स–2024** को मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल ने चतुर्थ श्रेणी सेवा और समकक्ष पदों की शैक्षणिक योग्यता 5वीं और 8वीं कक्षा से बढ़ाकर 10वीं करने का निर्णय भी किया है। इन पदों पर भर्ती साक्षात्कार से कराने के बजाय राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से की जायेगी। वाहन चालक के पद पर भर्ती की शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण से बढ़ा कर 10वीं उत्तीर्ण करने का फैसला किया गया। इन पदों की भर्ती भी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड लिखित परीक्षा के माध्यम से करेगा। श्री पटेल ने बताया कि विभिन्न विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के लगभग 60 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्मिकों के हित में विभिन्न सेवा नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गयी है। श्री पटेल ने बताया कि बिजली उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से मंत्रिमंडल ने 5 हजार 708 मेगावाट की सौर ऊर्जा और विण्ड–सोलर हाइब्रिड परियोजनाओं के लिए 10 हजार 418 हैक्टेयर भूमि आवंटन की मंजूरी भी दी हैं।

00000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि पिछली कांग्रेस सरकार के समय जयपुर डिस्कॉम के टेंडरों में हुए भ्रष्टाचार और अन्य अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषी अधिकारियों और अन्य लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। श्री नागर ने कहा कि सरकार के समय प्रदेश में 42 ग्रिड सब स्टेशन बनाने के लिए विभिन्न टेंन्डरों के संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के माध्यम से परिवाद प्राप्त हुए थे। इस पर डिस्कॉम की ओर से जांच जारी है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि डिस्कॉम के स्तर पर हुई जांच के परीक्षण के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर जल्द से जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने पर टेंडरों को निरस्त करने की कार्यवाही भी की जायेगी।

00000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल अजमेर में विभिन्न विकास कार्यो का शुभारम्भ और शिलान्यास किया। उन्होंने 2 करोड़ 23 लाख रूपये लागत के विभिन्न पेयजल कार्यो का शुभारंभ किया। श्री देवनानी ने

हाथी खेड़ा राज कॉलोनी में 59 लाख रूपये लागत की सीसी सड़क, जगदम्बा कॉलोनी में 15 लाख रूपये लागत की सड़क और प्रज्ञा नगर में 18 लाख रूपये के सड़क निर्माण कार्यो की भी शुरूआत की। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि दीपावली से पहले अजमेर शहर की अधिकांश सड़कों की मरम्मत कर दी जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा नगरी के रूप में अजमेर की पहचान बनाये रखने को देखते हुए भारतीय तकनीकी संस्थान की तर्ज पर आरआईटी के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज का चुनाव किया गया है। इसी तरह आयुर्वेद विश्वविद्यालय भी खोला जायेगा। इसके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको कृषि क्षेत्र में किये गये नवाचार एनपीएसएस के बारे जानकारी देने जा रहे हैं।

000000

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कल निर्वाचन विभाग की ओर से राज्य भर में 100 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इन वरिष्ठ नागरिकों को देश की निर्वाचन प्रक्रिया में उनके निरंतर योगदान के जरिए भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में भागीदारी के वास्ते सम्मानित किया जा रहा है। श्री महाजन ने इस सम्बन्ध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि वृद्धजन दिवस पर जिला, उपखंड और पंचायत स्तर तक वरिष्ठजन के लिए सार्वजनिक सम्मान समारोह आयोजित किए जाएं। ऐसे शतायु मतदाता, जो कार्यक्रम स्थल पर आने में असमर्थ हैं, उनका घर जाकर सम्मान किया जाएगा।

0000

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेश में आयोजित की जा रही गतिविधियों के तहत जैसलमेर में पुलिस की ओर से विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय और सभी थानों में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। थानों में रिकार्ड व्यवस्थित किये गये वहीं मालखाना में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जैसलमेर के ही पोकरण में अंबेडकर छात्रावास में विद्यार्थियों ने परिसर में विशेष साफ सफाई की। इसी तरह एनएसएस के स्वय सेवकों ने रानीसर कच्ची बस्ती में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

000000

जैसलमेर के लाठी में दुर्लभ प्रजाति के गिद्धों के नजर आने से वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर है। अनुकूल आबोहवा और रहवास के कारण ये प्रवासी गिद्ध यहां पहुंच रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इनकी सुरक्षा के लिए वन विभाग ने प्रयास तेज कर दिये है।

00000

प्रदेश के पश्चिमी जिलों से मानसून की विदाई हो चुकी है। वहीं पूर्वी और दक्षिणी जिलों में मानसून के सक्रिय रहने से हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। बीती रात, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ, सिरोही और पाली जिलों में कहीं कहीं हल्की बारिश हुई है। प्रदेश में अब तक 678 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से 56 फीसदी अधिक है। मौसम विभाग ने आज कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर तथा जोधपुर संभागों में वर्षा होने की संभावना जताई है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक पूर्वी जिलों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने के आसार हैं।

0000